मस्त बना दे आज नचा दे सांवरियां

मस्त बना दे आज नचा दे सांवरियां,
तू आया श्याम के दर पे भाग जगा दे सांवरिया,

करले मेरे श्याम से यारी तू फिर भूले दुनिया दारी तू,
तू धूम के आज मनाले नाच के आज मना ले तुझे अपना ले सांवरिया,
तू आया श्याम के दर पे भाग जगा दे सांवरिया,

ऐसी मेरे श्याम की मस्ती है ये महंगी नहीं बड़ी सस्ती है,
बस एक जाम में तेरी होश भुला दे सांवरिया,
तू आया श्याम के दर पे भाग जगा दे सांवरिया,

जब श्याम की मस्ती चढ़ती है जीवन भर नई उतरती है,
इन नकली मैखानो की राह भुला दे सांवरिया,
तू आया श्याम के दर पे भाग जगा दे सांवरिया,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5075/title/mast-bna-de-aaj-nach-de-sanwariya-tu-aaya-shyam-ke-dar-pe-bhag-jaga-se-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |